RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 259 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 07 सितंबर, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## पूर्ण चंद्र ग्रहण आज



साल 2025 का दूसरा और भारत में साल का पहला चंद्र ग्रहण 7-8 सितंबर की रात को लगने जा रहा है, जो भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि को घटित होगा। यह एक पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा और सबसे खास बात यह है कि इसे भारत के अधिकांश हिस्सों में साफ़ तौर पर देखा जा सकेगा। यह ग्रहण न केवल खगोलीय दृष्टि से विशेष है, बल्कि धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टिकोण से भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इस बार का चंद्र ग्रहण समय की दृष्टि से भी काफी लंबा होगा और इसे हाल के वर्षों में घटित होने वाली सबसे प्रभावशाली खगोलीय घटनाओं में से एक माना जा रहा है। क्योंकि यह भारत में दृश्यमान होगा, इसलिए सूतक काल भी मान्य होगा, जिसका पालन विशेष रूप से पूजा-पाठ, धार्मिक कार्यों, और दैनिक जीवन में किया जाता है।

ज्योतिषाचार्य मनोज कुमार द्विवेदी के अनुसार यह ग्रहण कुंभ राशि और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में लगेगा, जो इसे और भी अधिक असरदार बनाता है। इस लेख में हम जानेंगे कि यह चंद्र ग्रहण कब से कब तक रहेगा, सूतक काल की समय-सीमा क्या होगी, और यह सभी 12 राशियों पर क्या प्रभाव डालेगा।

# सीएम योगी ने अनुदेशकों को सौंपे नियुक्ति पत्र



## प्रदेश को ईमानदारी से आगे बढ़ाएं : मुख्यमंत्री

**लखनऊ ( एजेंसी )।** प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा विभाग के 1510 चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में सांसदों और विधायकों ने भी सफल अभ्यर्थियों को नियुक्तिपत्र देकर उनके सपनों को साकार करने में सहभागी बने।

सरकार का कहना है कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ युवाओं को कौशल और रोजगार से जोड़ना सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि कुल 1851 अनुदेशकों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो रही है, जिससे 286 राजकीय आईटीआई में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित होगा।

प्रदेश में 324 राजकीय आईटीआई और करीब 3000 निजी आईटीआई संचालित हो रहे हैं। यहां 82 से अधिक ट्रेड में 1.84 लाख युवाओं को प्रशिक्षण की सुविधा है। किसी भी युवा की आर्थिक स्थिति प्रशिक्षण में बाधा न बने, इसके लिए सरकारी आईटीआई की फीस मात्र 40 रुपये मासिक तय की गई है। वहीं निजी आईटीआई में पढ़ने वाले छात्रों को फीस प्रतिपूर्ति और छात्रवृत्ति की सुविधा दी जाती है।

सरकार ने भविष्य की तकनीकों जैसे सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, 3ष्ठ प्रिंटिंग और डिजिटल कम्युनिकेशन में प्रशिक्षण देने के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज और 18 वैश्विक कंपनियों के सहयोग से 150 आईटीआई का उन्नयन किया है। इस परियोजना पर 5000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। हर साल 15 हजार से अधिक युवा इस आधुनिक प्रशिक्षण का लाभ उठा रहे हैं।

## रूस-यूक्रेन युद्ध: कीव पर रूसी ड्रोन और मिसाइलों का हमला, दो की मौत



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष लगातार तेज होता जा रहा है। शनिवार को रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाया। ड्रोन और मिसाइलों से किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक साल का बच्चा भी शामिल है। वहीं, 10 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

समाचार एजेंसी के मुताबिक, कीव नगर प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने पुष्टि की कि मृतकों में मासूम बच्चे का शव मलबे से बरामद किया गया। कीव के मेयर विटाली क्लित्श्को ने जानकारी दी कि दागे गए ड्रोन का मलबा स्वियातोशिन्स्की जिले की एक आवासीय इमारत और डार्नित्स्की जिले की एक अन्य इमारत पर गिरा।

हमले के बाद कैबिनेट भवन की छत से धुआं उठता भी देखा गया, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी कि धुआं हमले के कारण था या किसी अन्य वजह से। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है।

रूस और यूक्रेन के बीच पिछले कई महीनों से जारी इस संघर्ष ने अब राजधानी कीव को बार-बार निशाना बनाना शुरू कर दिया है। लगातार हो रहे हमलों ने न केवल आम नागरिकों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है, बल्कि यूक्रेन के बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचाया है।

## विधायक ने कई सोसाइटियों में किया जन संवाद




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के विधायक तथा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने आज 9 सोसाइटियों में जाकर जन संवाद किया तथा वहाँ के लोगों की समस्याएँ सुनीं। समस्याएँ सुनने के बाद उन्होंने आश्वासन दिया कि अतिशीघ्र उनकी समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाएगा। विधायक ने मौके पर मौजूद नोएडा प्रखंड के अधिकारियों से भी कहा कि वे इन समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द कराएँ।

इस दौरान लोगों ने जल, सीवर, सफाई, उद्यान विभाग, पार्कों के रखरखाव तथा नालियों एवं सड़कों के मरम्मत और निर्माण की समस्याएँ उठाईं। वहीं कुछ लोगों ने आवारा कुत्तों से हो रही परेशानी की भी समस्या रखी।

विधायक ने आज सबसे पहले सेक्टर-46 स्थित गार्डेनिया ग्लोरी सोसाइटी का दौरा किया। इसके बाद सेक्टर-99 की सुप्रीम टावर, सेक्टर-107 में प्रतीक एडिफिस, सेक्टर-104 में एटीएस वन हेमलेट, सेक्टर-128 में जेपी विश टाउन, सेक्टर-93 में सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट, सेक्टर-93 में पार्श्वनाथ प्रेस्टीज तथा पार्थनाथ सृष्टि एवं इसी सेक्टर में ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में जाकर लोगों से जन संवाद किया।

डिंपल आनंद, अमित त्यागी, महेश अवाना, करतार सिंह चौहान, नीरज चौधरी, गौतम शर्मा, प्रदीप चौहान, पुनीत धड़कन, आशीष, एडवोकेट देवेंद्र चौहान, कमल शंकर, शिखा सिंह, मनोज चौहान, पंकज झा, जितेंद्र राजपूत, नीरज चौहान, शिवम पाठक, बबलू यादव, धर्मेंद्र चौहान, गोपाल गौड़, राहुल शर्मा, राजीव उपाध्याय, अमित कुमार त्यागी, सुशीला अवाना, भगत भाटी, लक्ष्मी पटवाल, इंदिरावती, ठाकुर अतुल सिंह, आकाश चौहान, नोएडा प्राधिकरण से उप महाप्रबंधक विजय रावल, उमेश कुमार, राजीव कुमार, अमित शर्मा, बिजली विभाग के अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में सोसाइटी के निवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आज नोएडा में, सेवा पखवाड़ा को लेकर करेंगे बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी आज नोएडा प्रवास पर रहेंगे। वह सेवा पखवाड़ा को लेकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इससे पूर्व वह मीडिया को संबोधित करते हुए सेवा पखवाड़ा की विस्तृत जानकारी साझा करेंगे।



भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित त्यागी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी दोपहर करीब 4 बजे सेक्टर-116 स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक करेंगे। इसमें सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इससे पहले आयोजित प्रेस वार्ता में वह सेवा पखवाड़ा से जुड़ी जानकारी मीडिया को देंगे।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह, पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया तथा नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान भी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि भाजपा समय-समय पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन करती रहती है। इसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान, सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार और अन्य जनसेवा कार्य किए जाते हैं। यह अभियान महानगर से लेकर मंडल स्तर तक लगातार 15 दिनों तक चलता है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पखवाड़े के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देंगे।

## समाज हित में किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता : स्वामी अनुसरण महाराज

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-27 स्थित बड़ा मंदिर में आज क्षमावाणी दिवस के अवसर पर श्रीश्री 108 स्वामी अनुसरण महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मंदिर के अध्यक्ष पवन जैन को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाए जाने पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।



स्वामी अनुसरण महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि आप निरंतर प्रगति करें और समाज को महत्व देते हुए कार्य करें। समाज हित में किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता। यह कार्य आपके उज्ज्वल और सुखद भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के डॉ. एस.पी. जैन, महावीर जैन, आकाश जैन,उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन, मनोज जैन सहित समाज के अन्य प्रतिनिधियों ने भी पवन जैन को शुभकामनाएं दीं।

## मोबाइल लुटेरा चढ़ा ग्रामीणों के हत्थे, जेब से बरामद हुए 15 से ज्यादा फोन

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में सड़कों पर बढ़ते स्ट्रीट क्राइम ने पुलिस की चौकसी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रहे एनकाउंटर और कार्रवाई के बावजूद बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। लखनावली गांव में डीएम आवास के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने एक युवक से मोबाइल छीनकर भागने की कोशिश की। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए एक बदमाश को दबोच लिया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान फुरकान के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने जब उसकी तलाशी ली तो एक-एक कर उसकी जेब से 15 से अधिक मोबाइल फोन बरामद हुए। लोगों ने लुटेरे की जमकर धुनाई कर उसे सूरजपुर थाने की पुलिस के हवाले कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से एक रियलमी का मोबाइल (उसका निजी फोन) और लूटे गए 15 अन्य फोन समेत कुल 16 मोबाइल बरामद हुए हैं। सूरजपुर थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि फरार साथी की तलाश में टीम गठित कर दी गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। बरामद मोबाइल फोन की जांच कर पीड़ितों को सुपुर्दगी की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

# यमुना-हरनंदी का जलस्तर घटा, पर बाढ़ का खतरा बरकरार

## नोएडा-ग्रेटर नोएडा में 19 गांवों में बाढ़ का असर, 3900 लोग प्रभावित, हजारों बीघा फसल डूबी

**ग्रेटर नोएडा/नोएडा।** यमुना और हरनंदी नदियों का जलस्तर लगातार घट रहा है, लेकिन बाढ़ का खतरा पूरी तरह टला नहीं है। हथनीकुंड बैराज से अभी भी पानी छोड़ा जा रहा है। शनिवार को करीब 36 हजार क्यूसेक पानी यमुना में छोड़ा गया। राहत की बात यह है कि जलस्तर में कमी दर्ज की गई है, लेकिन नदियों के किनारे बसे गांवों और फार्महाउसों के लिए खतरा अभी भी टला नहीं है।

शनिवार शाम पांच बजे जारी जिला प्रशासन की बाढ़ बुलेटिन के अनुसार, यमुना नदी का जलस्तर 200.00 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी बिंदु 202.17 मीटर से 0.60 मीटर नीचे है। वहीं हरनंदी का जलस्तर गाजियाबाद में 199.95 मीटर रहा, जो खतरे के निशान से 5.58 मीटर नीचे है।

एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार के मुताबिक, जिले के 19 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें 12 गांव सदर तहसील, 6 दादरी तहसील और 1 जेवर तहसील का शामिल है। इन गांवों की करीब 3900 की आबादी प्रभावित हुई है। इनमें से 3433 लोग 15 शरणालयों में ठहरे हुए हैं।




शरणालयों में पेयजल, भोजन, साफ-सफाई और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की गई है। कम्युनिटी किचन के जरिए नाश्ता, लंच पैकेट और रात्रि भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशासन ने प्रभावितों से अपील की है कि सुरक्षा की दृष्टि से फिलहाल पानी में न उतरें।

शनिवार को सदर तहसील में 470 और दादरी तहसील में 142 राहत किट बांटी गईं। जिले में 19 बाढ़ चौकियां और 15 शरणालय सक्रिय हैं। राजस्व विभाग और अन्य विभागों के कर्मचारी तीन शिफ्टों में तैनात हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने 6 रैपिड रिस्पांस टीमें गठित की हैं और एंटी-स्नैक वेनम सहित जरूरी दवाइयों की व्यवस्था की है।

पशुओं के लिए सेक्टर-135 में एक पशु शिविर स्थापित किया गया है, जहां अब तक 1471 गौवंश को सुरक्षित ले जाकर उपचार किया जा रहा है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी और आपदा मित्र की टीमें 13 नावों के साथ राहत कार्य में लगी हुई हैं।

सिंचाई विभाग बांध की सुरक्षा पर 24 घंटे निगरानी रखे हुए है। एई हरिओम के मुताबिक, झुप्पा गांव के पास करीब 15 हजार रेत से भरे बोरे बांध की मजबूती के लिए रखे गए हैं। कमजोर हिस्सों की तुरंत मरम्मत कराई जा रही है।

## 20 सितंबर के बाद राहत की उम्मीद

ओखला बैराज से छोड़े जाने वाले पानी में कमी आने के बाद यमुना का जलस्तर तेजी से गिर रहा है। दो दिनों में यमुना में 79 हजार क्यूसेक पानी का प्रवाह घटा है। शनिवार को जलस्तर में 70 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई। अनुमान है कि रविवार सुबह तक यह कमी 1.20 मीटर तक पहुंच सकती है।

यमुना का पानी उतरने से बाढ़ प्रभावित सेक्टरों और गांवों में अब रेत दिखाई देने लगी है। प्रशासन का मानना है कि 20 सितंबर के बाद हालात पूरी तरह नियंत्रण में आ जाएंगे।

यमुना का बैकफ्लो हरनंदी तक पहुंचने से सेक्टर-150, 151, 144 और 145 डूब क्षेत्र में तब्दील हो गए थे। अब पानी उतरने लगा है। हालांकि हजारों बीघा फसल बर्बाद हो चुकी है और कई अवैध फार्महाउस अब भी डूबे हुए हैं।



प्रभावित परिवारों को पहले ही सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। कई परिवार अभी पुश्ते पर टेंट लगाकर रह रहे हैं। प्रशासन और समाजसेवी भोजन और राहत सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं।

बैकफ्लो रोकने के लिए सेक्टर-168 में बने रेगुलेटर को बंद कर दिया गया था। इससे कोंडली ड्रेन का पानी चार दिन तक यमुना में नहीं गिर पाया। ड्रेन की क्षमता 3200 क्यूसेक है, लेकिन इसमें 4500 क्यूसेक पानी भर गया था। यदि शनिवार सुबह ड्रेन नहीं खोली जाती तो नोएडा के कई सेक्टरों और गांवों में सीवर ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगता। ड्रेन खुलने से शहर ने राहत की सांस ली है।

# जानसठ में बनेगा महर्षि कश्यप स्मारक, योगी सरकार ने दी 1 करोड़ रुपये की स्वीकृति



**मुज़फ़्फ़रनगर/लखनऊ।** योगी सरकार ने मुज़फ़्फ़रनगर जनपद को बड़ा तोहफ़ा देते हुए मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के कस्बा जानसठ में भगवान महर्षि कश्यप का भव्य स्मारक बनाने की घोषणा की है। इस ऐतिहासिक योजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने 1 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। प्रस्ताव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिस पर सरकार ने सहमति जताते हुए बजट जारी कर दिया है।

जानसठ क्षेत्र पहले से ही धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष पहचान रखता है। महर्षि कश्यप स्मारक के निर्माण से यह स्थान न केवल आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पर्यटन की गतिविधियों से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार व व्यवसाय के अवसर बढ़ेंगे।

प्रदेश सरकार का यह निर्णय पिछड़े वर्ग और समाज की भावनाओं को सम्मान देने वाला कदम माना जा रहा है। स्मारक का निर्माण केवल एक संरचना न होकर सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्थापित होगा। इससे आने वाली पीढ़ियाँ महर्षि कश्यप के आदर्शों, उनके जीवन दर्शन और समाज सुधार की परंपरा से प्रेरणा प्राप्त करेंगी।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मैं प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने मेरे प्रस्ताव को स्वीकार कर महर्षि कश्यप स्मारक की स्थापना हेतु 1 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री की यह संवेदनशीलता समाज के व्यापक हितों को ध्यान में रखकर लिए गए उनके निर्णयों को दर्शाती है।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का भी विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन मंत्री के सहयोग और मार्गदर्शन से यह योजना मूर्त रूप ले रही है। पूर्व में भी यह परियोजना पर्यटन विभाग की सूची में दर्ज की जा चुकी थी और अब इसे जानसठ के शिव मंदिर के समीप विकसित किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्मारक के निर्माण के बाद जानसठ न केवल धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी विकास का सेतु सिद्ध होगा।

# संपत्ति विवाद में बेटे ने की पिता की हत्या



**नोएडा।** सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में रहने वाले उदय नाम के युवक ने अपने पिता गौतम की रविवार सुबह हत्या कर दी। पिता का शव घर के अंदर लहूलुहान अवस्था मे मिला, शव के पास खून से सनी ईंट भी मिली।

बताया जा रहा है दोनों के बीच घर को लेकर आये दिन झगड़ा रहता था। दोनों शराब का सेवन करते थे।

दोनों के नशे में होने पर झगड़ा होने और इसी बीच चोट लगने से पिता की मौत होना बताया जा रहा है। पुलिस ने उदय को हिरासत में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया दिया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# राज्य कर विभाग ने दो करोड़ का माल पकड़ा, 73.31 लाख से अधिक का जुर्माना लगाया

**ग्रेटर नोएडा।** राज्य कर विभाग (एसजीएसटी) की सचल दल प्रथम इकाई ने शुक्रवार रात जेवर टोल प्लाजा पर नोएडा से आगरा की ओर जाते समय एक ट्रक से करीब दो करोड़ रुपये के माल को बिना वैध दस्तावेज का पकड़ा है।

ट्रक में नेटवर्किंग उपकरण लदा था और इसे गुरूग्राम से लखनऊ ले जाया जा रहा था। जीएसटी विभाग की जांच में सामने आया कि क्रेडिट नोट में हरियाणा के ग्राहक का विवरण था, लेकिन जीएसटीआइएन, पैन या आधार कार्ड का उल्लेख नहीं था।

आगे की जांच में पता चला कि लखनऊ के व्यापारी ने माल को लैब टेस्टिंग के लिए गुरूग्राम भेजा था, लेकिन न तो माल भेजने और न ही वापसी का कोई प्रमाण प्रस्तुत किया गया। क्रेडिट नोट लखनऊ के व्यापारी द्वारा जारी था, लेकिन गुरूग्राम से लखनऊ तक माल परिवहन के लिए कोई वैध चालान या प्रपत्र नहीं थे।



जांच में स्पष्ट हुआ कि माल बिना वैध दस्तावेजों के ले जाया जा रहा था जो माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 का उल्लंघन है। विभाग ने नोटिस जारी कर 2,03,66,081 रुपये मूल्य के माल को जब्त किया और इस पर 73,31,789 रुपये का जुर्माना लगाया। जिसके बाद लखनऊ की फर्म ने राज्य कर विभाग के खाते में जुर्माने की राशि जमा कराकर वाहन समेत माल को छुड़ाया है।

अपर आयुक्त राज्य कर ग्रेड दो विवेक आर्य ने बताया कि यह कार्रवाई संयुक्त आयुक्त आलोक कुमार, संजय कुमार कुशवाहा की देखरेख में सहायक आयुक्त प्रियंका, राज्य कर अधिकारी राघवेंद्र विक्रम सिंह, प्रधान सहायक आशीष श्रीवास्तव और पुलिस बल के सहयोग से पूरी की गई।

## पीरियड्स के दर्द से राहत देने वाली मातृ डिवाइस को मिला यूटिलिटी पेटेंट

# जिम्स में 400 महिलाओं पर हुआ परीक्षण




**ग्रेटर नोएडा।** महिलाओं और युवतियों को माहवारी के दौरान होने वाले दर्द से राहत दिलाने वाली मातृ डिवाइस को भारत सरकार की ओर यूटिलिटी पेटेंट मिल गया है। इससे अब आगे आने वाले 20 वर्षों तक डिवाइस का उत्पादन, उपयोग करने और बेचने का विशेष अधिकार मिल गया है।

ग्रेटर नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में डिवाइस के चल रहे तकनीकी परीक्षण के प्रकिया लगभग पूरी हो चुकी है, जल्द ही इसके परिणाम आने वाले हैं। यह जिम्स के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

दिल्ली के प्रगति मैदान पर आयोजित तीन दिवसीय इंडिया मेडटेक एक्सपो के फ्यूचर पवेलियन में जिम्स के चार स्टार्टअप को स्टाल के लिए सरकार की ओर से चुना गया था, जिसमें मातृ डिवाइस, मेदांत्रिक, ट्रोसा ड्रोन और प्रधान इनोवेशन लैब को शामिल किया गया था।

इसमें से मातृ डिवाइस को भारत सरकार ने यूटिलिटी पेटेंट दिया है। इसको कोलकाता के तीन युवाओं रोहन राय, रोनी मंडल व अमित दत्ता के स्टार्टअप सिलिफर्म ने विकसित किया है, जिसे कमर के आसपास लगाने से दर्द में 95 प्रतिशत तक राहत मिलेगी। इसको डिजाइन का पेटेंट पहले ही मिल चुका था। सरकार के अनुदान से इसकी कीमत भी काफी किफायती है।

डिवाइस को डिजाइन करने वाले युवाओं का कहना है कि नारी सशक्तीकरण की बात तो होती थी, लेकिन उनको मासिक धर्म के दौरान होने वाली होने वाली पीड़ा से निजात दिलाने की ओर किसी का ध्यान नहीं गया था।

जानकारी जुटाने पर पता चला कि कुछ महिलाएं व युवतियां दर्द से राहत पाने को दर्द निवारक गोलियों का सेवन करती हैं, जिससे कई साइड इफेक्ट्स जैसे उल्टी, चक्कर आना, आलस, खुजली या पसीना, अवसाद आदि होते हैं। प्रसूती विशेषज्ञ की निगरानी में इस डिवाइस का 400 महिलाओं पर परीक्षण किया गया था।

डिवाइस को गेट कंट्रोल थ्योरी के सिद्धांत पर डिजाइन और विकसित किया गया है। यह एक विशेष प्रकार के पैटर्न की फ्रीक्वेंसी भेजता है जो पेन सिग्नल को ब्लाक करता है, जिसके परिणामस्वरूप उपयोग करने वाले को दर्द कम महसूस होता है।

यह प्रति-जलन की तरह काम करता है। इसलिए मस्तिष्क विचलित होता है और दर्द को महसूस नहीं कर पाता है। सिग्नल दर्द के मार्ग को रोक देता है और मस्तिष्क दर्द को महसूस नहीं कर पाता है। यह छोटा (पोर्टेबल) और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया गया है जिसका उपयोग सार्वजनिक स्थानों पर भी किया जा सकता है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पल्स पोलियो ड्यूटी के बाद भी वेतन नहीं, सीएम से शिकायत

**ग्रेटर नोएडा।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर भारी पड़ रही है। पल्स पोलियो अभियान में ड्यूटी करने वाली करीब 750 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आठ महीने बाद भी वेतन नहीं मिला है।

महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने वेतन दिलाने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि शासन से बजट तो मिला, लेकिन जिम्मेदारों ने समय पर पैसा नहीं दिया, जिससे मार्च में बजट वापस चला गया।

दरअसल, पिछले साल 8 दिसंबर 2024 से एक सप्ताह के लिए पल्स पोलियो अभियान चलाया गया था। इसमें जिले की करीब 750 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ड्यूटी पर लगाया गया था। प्रत्येक कार्यकर्ता को जितने दिन उसने ड्यूटी की, उतने दिन का वेतन 75 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मिलना है।

लगभग सभी कार्यकर्ताओं ने एक सप्ताह तक ड्यूटी की। इस हिसाब से हर कार्यकर्ता को औसतन छह सौ रुपये मिलने हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बैंक खातों में राशि का भुगतान करने की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी की थी।

अभियान समाप्त होने के आठ दिनों के भीतर राशि का भुगतान किया जाना था। जो फिलहाल आठ महीने बाद भी नहीं हो पाया है। एक सितंबर को महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने फिर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर बकाया राशि के भुगतान की गुहार लगाई।

संघ के जिला प्रभारी एचएस निमेश का आरोप है कि शासन से बजट तो उपलब्ध हो गया, लेकिन सीएमओ कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी भुगतान करने में टालमटोल करते रहे। तब तक मार्च में वित्तीय वर्ष समाप्त होने के कारण राशि शासन को वापस कर दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें अभी तक वेतन नहीं मिला है।

महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने 17 जनवरी 2025 से अब तक 11 बार अधिकारियों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बकाया राशि के भुगतान की गुहार लगाई है। इसमें एक अगस्त को मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव चिकित्सा, महानिदेशक चिकित्सा को भेजा गया प्रार्थना पत्र शामिल है।

इसके अलावा अलग-अलग तिथियों में जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसील संपूर्ण समाधान दिवस आदि में दिए गए प्रार्थना पत्र शामिल हैं।

मनोज बाला, मछला सिंह, संगीता चौधरी, कुंता मावी, निकहत जहाँ, सुमन देवी, संगीता रानी, ??सुनीता देवी, अफसाना, रजनीबाला, निधि, संजू, हुस्न बानो, मछला सिंह, ओमवती, शशि, समीक्षा शर्मा, उषा, सविता देवी, शारदा देवी, सारिका, बबीता, गीता और राजकुमारी सहित अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बकाया भुगतान की मांग की है।

# ट्रक चालक को नशा सुंघा कर 86 हजार लूटे

नोएडा। थाना क्षेत्र में धनारी थाना क्षेत्र ई-रिक्शा में सवार ट्रक चालक को सवारी बनकर बैठे युवक ने नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश किया। बाद में उसके पास 64 हजार रुपये और मोबाइल उड़ा लिया। इसके बाद सात बार में मोबाइल द्वारा यूपीआई के माध्यम 22 हजार से अधिक की धनराशि ट्रांजेक्शन कर निकाल ली है। थाना जुनावई पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

धनारी थाना क्षेत्र के गढ़ी विचौला गांव के रहने वाले आजम अली ट्रक चलाते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को तड़के तीन बजे अपने गांव जाने के लिए जुनावई कस्बे के पतरिया चौराहे पर आकर रुके और अपने गांव जाने के लिए सवारी गाड़ी का इंतजार करने लगे। तभी एक लाल रंग का ई-रिक्शा आकर रुका। चालक ने आजम अली को गांव तक छोड़ने की बात करते हुए ई-रिक्शा में बैठा लिया। ई-रिक्शा में एक युवक पहले से ही सवार था।

ई-रिक्शा चालक और अज्ञात युवक ने बिचौला मोड़ पर आजम अली के मुंह पर एक रुमाल रख दिया। जिससे आजम अली बेहोश हो गए। ई-रिक्शा चालक आजम अली को सड़क किनारे फेंक कर उसकी जेब में रखे 64 हजार रुपये तथा मोबाइल को निकाल कर ले गए।

साथ ही आजम अली को नशा होने पर आरोपियों ने मोबाइल में फिंगर लगाकर लॉक खोल लिया और बाद में सात बार में यूपीआई के माध्यम से 22160 रुपये की धनराशि निकाल ली। लुटेरे ट्रक चालक को वहीं सड़क किनारे फेंक गए। लोगों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने पीड़ित का उपचार कराया है। थाना प्रभारी मेघपाल सिंह ने बताया आनलाइन के माध्यम से धनराशि निकलने की जांच की जा रही है। इस संबंध में अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com






# मुख्यमंत्री ने सात बस स्टेशनों का किया शिलान्यास



**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजधानी लखनऊ में परिवहन विभाग की कई नई सेवाओं और परियोजनाओं का शुभारंभ किया। सुलभ, सुगम और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जन सेवा केंद्रों (CSC) के माध्यम से परिवहन सेवाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डिजिटल बस ट्रैकिंग ऐप 'यूपी मार्गदर्शी', सरल परिवहन हेल्पलाइन-149, इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट की नई बुकलेट का लोकार्पण किया और नई बसों व इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रदेश की सबसे बड़ी चुनौती है और इस पर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि हर तीन महीने में बस चालकों की फिटनेस जांच अनिवार्य की जाए और समय-समय पर उनकी आंखों की जांच भी कराई जाए। सीएम योगी ने परिवहन विभाग को IIT खड़गपुर के सहयोग से टेक्नोलॉजी के जरिए सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के निर्देश दिए।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में परिवहन विभाग और सीएससी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा, चार स्क्रैपिंग सेंटर और चार ऑटोमैटिक टेस्टिंग सेंटर के निवेशकों को प्रमाण पत्र दिए गए।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत परिवहन निगम में नियुक्त 2000 महिला परिचालकों में से तीन को मौके पर नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

मुख्यमंत्री ने सात बस स्टेशनों का शिलान्यास किया जो पीपीपी मॉडल पर 851 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जाएंगे। इसके अलावा, 25 बस स्टेशनों के लोकार्पण और शिलान्यास का कार्य भी किया गया जिन पर 85 करोड़ रुपये खर्च होंगे। साथ ही, IIT खड़गपुर और परिवहन विभाग के बीच सड़क सुरक्षा और तकनीकी सहयोग के लिए एमओयू भी साइन हुआ।

मुख्यमंत्री ने आठ डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसों, 16 इलेक्ट्रिक बसों, एक रेट्रोफिट इलेक्ट्रिक बस, 10 सीएनजी बसों, दो एसी बसों, 20 टाटा बसों, 43 आईशर बसों और कुल 400 बीएस-6 मानक बसों को हरी झंडी दिखाई। परिवहन आयुक्त संगठन की 11 नई इंटरसेप्टर गाड़ियां भी आज से सड़कों पर उतर गईं।

इस अवसर पर परिवहन मंत्री सहित प्रमुख सचिव अमित गुप्ता, परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर और विभाग व निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम है।

# हर्ष, उल्लास के साथ गणेश विसर्जन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** फ़र्स्टवन एवं विन्सम परिवार ने मिलकर हर्ष, उल्लास और गहरी आस्था के साथ गणेश विसर्जन मनाया।



यह अवसर केवल एक धार्मिक आयोजन ही नहीं रहा, बल्कि पूरे परिवार के लिए एकजुटता, सहयोग और खुशियों को साझा करने का प्रतीक भी बना। इस मौके पर पूरे परिवार के सदस्य- बच्चे, पेरेंट्स, पेशेंट्स और टीम- सभी ने भक्ति और उमंग के साथ भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

बच्चों में शोभित, सारांश, वंश, भाविका, आरव, शिव, राजवी, राघवी, सान्वी, अनीशा, अशिता, ग्रंथ, ओशिमा, ओजिता, आराध्या, पावनी, स्नेहा आरव, मेघन, रूही, विधि और नैतिक शामिल रहे, जिन्होंने अपनी ऊर्जा और मासूम मुस्कान से माहौल को और भी पवित्र व आनंदमय बना दिया।

टीम से सौम्या सोनी (डिजिटल मीडिया एवं कम्युनिकेशन मैनेजर), सुरभि जैन (सेंटर मैनेजर), डॉ. महिपाल सिंह (डायरेक्टर), डॉ. दीक्षा श्रीवास्तव (मैनेजिंग डायरेक्टर), डॉ. भावना आनंद, कृष्ण यादव (एडमिन हेड), डॉ. सुष्मिता भाटी (सीईओ), सुश्री इलिका रावत (स्पेशल एजुकेटर), रितेश सिन्हा, रजत शर्मा, दिव्या कार्की, और उदय कुमार यादवउपस्थित रहे और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। सभी सदस्यों ने मिलकर पूरे आयोजन को और भी सार्थक और जीवंत बनाया।

# डीएम ने किया PET परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण





**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (PET)-2025 का प्रथम दिन शनिवार को जिले के 40 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल सम्पन्न हुआ। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई, जिसमें प्रशासन ने पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कड़े इंतजाम किए।

### परीक्षा में उपस्थिति का आंकड़ा

- जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर पीइटी-2025 का पहला दिन शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न हुआ।
- पहली पाली में कुल 17,592 अभ्यर्थियों में से 12,492 उपस्थित रहे, जबकि 5,100 अनुपस्थित पाए गए।
- दूसरी पाली में भी 17,592 अभ्यर्थियों में से 12,808 उपस्थित रहे और 4,784 अनुपस्थित रहे।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने ग्रेटर नोएडा स्थित बालक इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं—स्वच्छता, पेयजल, शौचालय आदि का जायजा लिया। इसके अलावा, परीक्षा कक्षों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा प्रबंधों और प्रवेश-निकास द्वार की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

डीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा अवधि में सभी व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखी जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर किसी तरह की असुविधा न झेलनी पड़े, इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी पूरी सजगता के साथ कार्य करें।

# यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की 86वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की 86वीं बोर्ड बैठक शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देने वाले कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी।

प्राधिकरण ने प्रस्तावित न्यू आगरा मास्टर प्लान पर चर्चा करते हुए इसे 14,480 हेक्टेयर भूमि पर 16.5 लाख आबादी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार करने का निर्णय लिया। योजना को अंतिम रूप देने से पहले दिल्ली स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर और अहमदाबाद की एक विशेषज्ञ संस्था इसकी जांच-पड़ताल करेगी।

बैठक में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को गति देने के लिए मथुरा को हेरिटेज सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में पहल की गई। इसमें वृंदावन, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और प्रस्तावित फिल्म सिटी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हेरिटेज सिटी का मॉडल अगली बोर्ड बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सटे सेक्टर-8स्न में लॉजिस्टिक हब विकसित किया जाएगा, जिसके लिए परामर्शदाता संस्था से अध्ययन कराया जाएगा। साथ ही, हाथरस जिले के लिए मास्टर प्लान तैयार कराने हेतु सलाहकार संस्था के चयन को भी मंजूरी दी गई।

मास्टर प्लान-2041 के अंतर्गत 29 गांवों को स्मार्ट विलेज में तब्दील करने की योजना है। इनमें से 9 गांवों का काम पूरा हो चुका है, 10 में कार्य प्रगति पर है और 10 में जल्द शुरू होगा। 125 करोड़ रुपये की लागत से दिसंबर 2026 तक यह परियोजना पूरी करने का लक्ष्य है।

बैठक में ग्रुप हाउसिंग व व्यावसायिक भवनों के लिए स्ट्रक्चरल ऑडिट पॉलिसी लागू करने का फैसला भी हुआ। इसमें ढ्ढढ्ढञ्ज और ह्वढ्ढञ्ज जैसे संस्थानों के विशेषज्ञ पैनल में शामिल होंगे।

भूमि अधिग्रहण प्रभावित किसानों को अब तक 2835 करोड़ रुपये से अधिक का 64.7त्न अतिरिक्त प्रतिकर (नो लिटिगेशन इंसेंटिव) दिया जा चुका है। 29 गांवों के पात्र किसानों को 6260 आरक्षण पत्र जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से 4171 भूखंड आवंटित भी हो चुके हैं।

# रोड किनारे कूड़ा डालने पर दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त, एक लाख का जुर्माना



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की क्यूआरटी की तरफ से इधर-उधर कूड़ा फेंककर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को सेक्टर ज्यू वन के पास अवैध रूप से कूड़ा फेंकने पर टीम ने दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त किया है।

स्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक आरके भारती ने बताया कि क्यूआरटी ने सेक्टर ज्यू वन के पास सर्विस रोड पर वेस्ट डालते हुए एक ट्रैक्टर- ट्राली को पकड़ा। उसे जब्त करते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। सेक्टर ज्यू वन के पास ही क्यूआरटी ने अवैध तरीके से रोड किनारे कूड़ा गिराते हुए एक और ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा गया तथा उसको भी जब्त कर लिया गया और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। शुक्रवार देर शाम को कुल दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ा गया तथा दोनों को मिलाकर एक लाख रुपया जुर्माना लगाया गया। ट्रैक्टर -ट्राली के मालिक के द्वारा भुगतान किए जाने पर ही छोड़ा जाएगा। इससे पहले भी 3 सितंबर को भी क्यूआरटी ने दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त किया था और एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा है कि इधर-उधर कूड़ा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।ऐसे लोगों पर तगड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने ग्रेटर नोएडावासियों से शहर को साफ सुथरा बनाने में सहयोग करने और इधर-उधर कूड़ा न फेंकने की अपील की है।

# कासना से एच्छर तक एसटीपी के शोधित पानी से हो सकेगी सिंचाई



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में भूजल बचाने के लिए सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर प्राधिकरण ने एक और परियोजना को मूर्त रूप दे दिया है।

एसीईओ प्रेरणा सिंह की देखरेख में जल- सीवर विभाग ने कासना एसटीपी से एच्छर तक ट्रीटेड वॉटर डिस्ट्रीब्यूशन लाइन डाल दिया है। करीब 12 किलोमीटर लंबी इस डिस्ट्रीब्यूशन लाइन चालू होने से आसपास के पार्कों और ग्रीन बेल्ट की सिंचाई तथा औद्योगिक उत्पादनों के लिए पानी की जरूरत एसपी के ट्रीटेड वॉटर से पूरी हो सकेगी।

वरिष्ठ प्रबंधक जल राजेश कुमार ने बताया कि अभी तक कासना से लेकर एच्छर तक पार्कों और ग्रीन बेल्ट की सिंचाई के लिए भूजल का इस्तेमाल करना पड़ रहा था। इस लाइन के चालू होने से सिंचाई की जरूरत पूरी हो जाएगी।

इसी लाइन से पार्कों और ग्रीन बेल्ट में सिंचाई के लिए पानी का कनेक्शन कर दिया जाएगा। साथ ही आसपास (ईकोटेक- 1 एक्सटेंशन) के उद्योगों को औद्योगिक उत्पादनों के लिए पानी की जरूरत भी इसी ट्रीटेड वाटर से आसानी से पूरी हो सकेगी। उद्योगों की डिमांड पर छोटी लाइन डालकर कनेक्शन कर दिया जाएगा। इससे भूजल की बचत होगी।

